-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 21.10.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **कस्बा बबेरु में दिनांक 17/18.10.2024 की रात्रि बीयर शॉप में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त को थाना बबेरु पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से चोरी किए गए 83400 रुपये, चोरी किए गए रुपए से खरीदे गए 02 एंड्रायड मोबाइल व 12 बीयर केन की गई बरामद।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाए जाने तथा विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बबेरु पुलिस द्वारा कस्बा बबेरु में बीयर शॉप में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि कस्बा बबेरु में दिनांक 17/18.10.2024 की रात्रि बीयर शॉप में अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर 01 लाख 35 हजार रुपये व 24 बीयर के केन की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में थाना बबेरु पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। प्रभारी निरीक्षक बबेरु श्री बलराम सिंह के निर्देशन में चौकी प्रभारी कस्बा बबेरु श्री कौशल सिंह द्वारा जांच के क्रम में सीसीटीवी तथा अन्य तकनीकि साक्ष्यों को संकलन करते हुए अभियुक्त की पहचान की गई। पुलिस द्वारा अभियुक्त सुनील उर्फ कउवा पुत्र रामआसरे निषाद नि0 काशीराम कॉलोनी थाना कोतवाली अयोध्या जनपद अयोध्या को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी किए गए 83400 रुपये, चोरी के रुपए से खरीदे गए 02 एंड्रायड मोबाइल व 12 बीयर केन बरामद की गई है। पूछताछ में पता चला कि अभियुक्त जनपद अयोध्या से कस्बा बबेरु में आकर रहता था तथा लगभग 03 वर्षों से कस्बा बबेरु स्थित सुलभ शौचालय में काम करता था। अभियुक्त पर जनपद अयोध्या में चोरी तथा आबकारी मामले में आधा दर्जन मामले पंजीकृत हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. सुनील कुमार उर्फ कउवा पुत्र रामआसरे निषाद नि0 काशीराम कॉलोनी थाना कोतवाली जनपद अयोध्या।

बरामदगी-

- घटना में चोरी किए गए 83400/ रुपए
- चोरी किए गए रुपए से खरीदे गये 02 एंड्रायड मोबाइल फोन
- चोरी की गई 12 बीयर केन

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. चौकी प्रभारी कस्बा बबेरु श्री कौशल सिंह
2. कां0 सौरभ यादव
3. कां0 राहुल साहू